भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 140

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 01 दिसंबर, 2025

10 अग्रहायण, 1947 (शक)

तेलंगाना में सांस्कृतिक विरासत केंद्रों का विकास

140. श्री कुंदुरु रघुवीर:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तेलंगाना में स्वीकृत विरासत संरक्षण परियोजनाओं की संख्या कितनी है;
(ख) क्या नलगोंडा जिले में कोई परियोजना चल रही है; और
(ग) क्या पुरातात्विक संरक्षण के लिए अतिरिक्त निधि उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग) : नलगोंडा ज़िले सहित तेलंगाना राज्य में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने कोई धरोहर संरक्षण परियोजनाएँ संस्वीकृत नहीं की हैं। तथापि, तेलंगाना राज्य में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार में 08 केंद्रीय संरक्षित स्मारक/स्थल हैं। इन केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों का संरक्षण, परिरक्षण और अनुरक्षण किया जाना एक सतत् प्रक्रिया है और इसे आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है। सभी स्मारक भली-भांति परिरक्षित हैं। विगत तीन वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान, तेलंगाना में इन स्मारकों/स्थलों के संरक्षण, परिरक्षण और अनुरक्षण के लिए आवंटित की गई कुल निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

(करोड़ रूपए में)

क्र. सं.	वर्ष	आवंटन
1.	2022-23	15.50
2.	2023-24	14.38
3.	2024-25	6.80
4.	2025-26 (दिनांक 25.11.2025 तक)	9.00

*****